नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

# ईरान में शांति की सुबह

## अमेरिका-ईरान 15 दिन के युद्ध विराम पर तैयार

**वाशिंगटन, 08 अप्रैल. अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के लिए युद्धविराम लागू हो गया है. भारतीय समय अनुसार सुबह 5.15 पर दुनिया को सीजफायर की जानकारी मिली. इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्धविराम को विश्व शांति के लिए एक बड़ा दिन बताया. उन्होंने इस युद्ध विराम के लिए चीन की भूमिका की सराहना की. ईरान ने अमेरिका के सामने दस शर्तें रखी थीं. इन शर्तों पर अमेरिका कितना**






**राजी हुआ है यह तो आने वाला समय ही बताएगा. क्या ईरान को मुआवजा मिलेगा? क्या 14 दिन बाद फिर हमला तो नहीं होगा? संघर्ष विराम के बीच ये सवाल उठ रहे हैं.**

40 दिन बाद युद्ध विराम की घोषणा होते ही ईरान में खुशियां खिलखिला उठीं. लाखों की संख्या में लोग शांति का जश्न मनाने बाहर निकल पड़े. ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान पुनर्निर्माण प्रक्रिया शुरू कर सकता है.

हम हर तरह की आपूर्ति लेकर आएंगे और यहीं आसपास मंडराते रहेंगे, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सब कुछ ठीक चल रहा है. उन्होंने आशा व्यक्त किया कि सब कुछ ठीक चलेगा. ट्रंप ने कहा कि यह अमेरिका की तरह पश्चिम एशिया का स्वर्ण युग हो सकता है.

# आज से गेहूं खरीदी शुरू



**सीएम ने सभी कलेक्टरों को सुगम व्यवस्था करने के दिए निर्देश**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 8 अप्रैल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 9 अप्रैल से गेहूं खरीदी आरंभ हो रही है. उन्होंने सभी उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए सहज-सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सभी कलेक्टर्स और एसडीएम को दिए गए हैं. उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए पेयजल और छायादार स्थान की व्यवस्था की जा रही है. गेहूं उपार्जन जैसी महत्वपूर्ण और व्यापक गतिविधि में सामाजिक और सेवाभावी संस्थाएं भी सहयोग करें. प्रदेश में वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है. राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है.किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर फैसले लिए जा रहे हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह विचार किसान और स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअल संवाद के दौरान व्यक्त किए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था है.




अमूल रु. एक लाख करोड़ के शानदार टर्नओवर पर पहुँचा

# फॉरेस्ट गार्ड की रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली से कुचलकर हत्या

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 8 अप्रैल।** जिले की अंबाह तहसील के अंतर्गत रानपुर इलाके में बुधवार प्रात: 5.30 बजे एक फॉरेस्ट गार्ड की चंबल नदी की रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली से कुचलकर हत्या कर दी गई।

**दिमनी क्षेत्र के रानपुर में बुधवार प्रात: 5.30 बजे हुई घटना**





मृतक फॉरेस्ट गार्ड वन अमले के साथ मिलकर रेत का अवैध परिवहन कर रहे ट्रेक्टर-ट्रॉली को रोकने की कोशिश कर रहा था। घटना के बाद ड्राईवर, ट्रेक्टर-ट्रॉली को लेकर घटनास्थल से भाग निकला। दिमनी थाना पुलिस ने वनरक्षक संदीप गुर्जर पुत्र लाखन सिंह गुर्जर की रिपोर्ट पर ट्रेक्टर ड्राईवर विनोदी कोरी पुत्र रामकुमार कोरी निवासी कुथियाना अंबाह के विरुद्ध बीएनएस की धारा-103(1), 132, 303 (2), 317 (5), खान एवं खनिज अधिनियम-1957 की धारा-4, 21, 18 (1), मोटरयान अधिनियम की धारा-77, 177, 184 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

जानकारी के अनुसार 8 अप्रैल की प्रात: करीब साढ़े पांच बजे रेत के अवैध परिवहन की सूचना मिलने पर वनविभाग गेम रेंज अंबाह के रेंज ऑफिसर वीरकुमार तिर्की, वनरक्षक शत्रुघ्न सिंह, अवधेश कुशवाह, हरिकेश गुर्जर, संदीप गुर्जर और विनोद माहौर के साथ शासकीय वाहन क्रं. एमपी02-जेडए-0821 में सवार होकर कार्रवाई करने के लिए रानपुर तिराहे पर पहुंचें थे। टीम को कुथियाना गांव की ओर से चंबल नदी की रेत से भरे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली आते हुए दिखाई दिए।

टीम ने ट्रेक्टर-ट्रॉली को रोकने की कोशिश की, इसी दौरान ड्राईवर विनोद कोरी ने जान से मारने की नीयत से वनरक्षक हरिकेश गुर्जर पुत्र रामनिवास गुर्जर निवासी जनकपुर को ट्रेक्टर से कुचल दिया। ट्रेक्टर-ट्रॉली हरिकेश के सिर व चेहरे के ऊपर से गुजरे, जिससे हरिकेश की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इधर वनरक्षक को कुचलने के बाद ड्राईवर ट्रेक्टर-ट्रॉली को लेकर मौके से भाग निकला। वनविभाग की टीम हरिकेश को लेकर मुरैना पहुंचीं। यहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। घटना को लेकर दिमनी थाने में ट्रेक्टर ड्राईवर विनोद कोरी के विरुद्ध हत्या सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर ड्राईवर विनोद कोरी को गिरफ्तार कर लिया है।

**इनका कहना है...**

रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली से कुचलकर वनरक्षक की मौत हुई है। ट्रेक्टर-ट्रॉली जब्त कर ड्राईवर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**सुरेन्द्रपाल सिंह डाबर**
**एडीशनल एसपी, मुरैना**

# बड़े औद्योगिक प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी

**41,533.81 करोड़ की खाद सब्सिडी को मंजूरी**

**13,037.66 करोड़ जयपुर मेट्रो के लिए स्वीकृत**

**पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट बैठक**



**नई दिल्ली, 08 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट बैठक हुई. यहां इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा और कृषि क्षेत्रों से जुड़े कई बड़े फैसले लिए गए, जो देश की अर्थव्यवस्था और विकास को गति देने वाले माने जा रहे हैं. इस बैठक में जहां एक ओर बड़े औद्योगिक और परिवहन प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई, वहीं किसानों को राहत देने के लिए भारी भरकम सब्सिडी का ऐलान भी किया गया.**

बैठक में कृषि क्षेत्र में राहत देते हुए सरकार ने खरीफ सीजन 2026 के लिए 41,533.81 करोड़ रुपये की खाद सब्सिडी को मंजूरी दी है. यह सब्सिडी डीएपी और एनपीके जैसे फॉस्फेट एवं पोटाश आधारित उर्वरकों पर दी जाएगी, जिससे किसानों को सस्ती दरों पर खाद उपलब्ध हो सके.

सबसे अहम फैसलों में एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड परियोजना शामिल रही. इस मेगा रिफाइनरी की लागत को बढ़ाकर 43,129 करोड़ रुपये से 79,459 करोड़ रुपये कर दिया गया है. साथ ही हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का इक्विटी निवेश भी बढ़ाकर 19,600 करोड़ रुपये किया जाएगा.

इसी के साथ कैबिनेट ने जयपुर मेट्रो के फेज-2 को भी मंजूरी दे दी है. करीब 13,037.66 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह 41 किलोमीटर लंबा नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर प्रहलादपुरा से टोडी मोड़ तक जाएगा, जिसमें 36 स्टेशन होंगे. ऊर्जा क्षेत्र में भी बड़ा कदम उठाते हुए सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में दो बड़े हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है.

कलाई द्वितीय हाइड्रो प्रोजेक्ट, जिसकी लागत करीब 14,105.83 करोड़ रुपये है, 1200 मेगावाट बिजली उत्पादन करेगा और लोहित नदी पर बनेगा.

